**ई. सी. ओ-06**

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम
# (बी. डी. पी)

**सत्रीय कार्य**

**2023–2024**

## वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम
## ई. सी. ओ-06: आर्थिक सिद्धांत

जुलाई 2023 तथा जनवरी 2024 प्रवेश सत्र के लिए

इग्नू
जन–जन का विश्वविद्यालय

**प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ**
**इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय**
**मैदान गढ़ी, नई दिल्ली – 1100 68**

# वाणिज्य में ऐच्छिक पाठ्यक्रम

# ई. सी. ओ-06 : आर्थिक सिद्धांत

## सत्रीय कार्य – 2023–24

प्रिय छात्र/छात्राओं,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका में स्पष्ट किया गया है, इस कार्यक्रम में आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक सत्रीय कार्य करना है। सभी सत्रीय कार्य आपको एक साथ भेजे जा रहे हैं।

अंतिम परीक्षा में सत्रीय कार्य के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। सत्रांत परीक्षा में बैठने योग्य होने के लिए यह आवश्यक है कि समय सूची के अनुसार आप इन सत्रीय कार्यों को पूरा करके भेज दें। सत्रीय कार्य को करने से पहले आपको चाहिए कि कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें, जिसे आपके पास अलग से भेजा गया है।

यह सत्रीय कार्य दो प्रवेश सत्र अर्थात् **(जुलाई 2023 और जनवरी 2024)** के लिए वैध है, इसकी वैधता निम्नलिखित है :–

1. जो **जुलाई 2023** में पंजीकृत है उनकी वैधता **जून 2024** तक है।

2. जो **जनवरी 2024** में पंजीकृत है उनकी वैधता **दिसंबर 2024** है।

यदि आप जून सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो इन्हें **15 मार्च** तक अवश्य जमा कर दें। यदि आप दिसम्बर सत्रांत परीक्षा में बैठना चाहते हैं तो आपके लिए आवश्यक है कि आप इन्हें **15 सितम्बर** तक अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास जमा कर दें।

## अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **ई. सी. ओ. -06** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **आर्थिक सिद्धांत** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **ई. सी. ओ. -06/टी. एम. ए./ 2023-2024** |
| **खण्डों की संख्या** | **:** | **सभी खण्ड** |

**अधिकतम अंक : 100**

**सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1.** उत्पादन सम्भावना वक्र की अवधारणा समझाइये। इसकी मान्यताएँ गिनाइये।इसे एक उदाहरण की सहायता से स्पष्ट कीजिये। **(20)**

**2.** मांग अनुसूची और मांग वक्र की सहायता से मांग के नियम की व्याख्या कीजिये।प्रतिस्थापन और आय प्रभाव के बीच अंतर का उपयोग करते हुए मांग के नियम के अपवादों को स्पष्ट कीजिये। **(20)**

**3.** सीमांत लागत की अवधारणा को परिभाषित करें।औसत लागत और सीमांत लागत के बीच क्या संबंध है ?दीर्घ कालिक औसत लागत वक्र के U आकार के होने के लिए उत्तरदायी कारकों की व्याख्या कीजिये। **(20)**

**4.** क) लाभ की अवधारणा को समझाइये।" लाभ अनिश्चितता सहने का प्रतिफल है"। व्याख्या कीजिये। **(20)**

ख) लाभ के विभिन्न स्रोत क्या हैं? क्या आपको लगता है कि सभी मुनाफों को उत्पादक द्वारा प्रयोग की जाने वाली एकाधिकार शक्ति के संदर्भ में समझाया जा सकता है?

**5.** **निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणीयाँ लिखिए :** **(4X5)**

(क) अवसर लागत

(ख)वितरण का सीमांत उत्पादकता सिद्धांत

(ग)विभेदक एकाधिकार

(घ) माँग की कीमत लोच और आय लोच